# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक 14.06.2024** **समय 18.30**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने इटली पहुंचे–कई देशों के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की।**
- **उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल के प्रहरी सम्मेलन को सम्बोधित किया।**
- **प्रदेश में रक्तदाता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन।**
- **राज्य में कुछ स्थानों पर आंधी–बारिश–उत्तरी हिस्सों में लू और भीषण गर्मी का असर।**

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने इटली के अपुलिया पहुचें। प्रधानमंत्री ने कई देशों के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की। श्री मोदी ने आज दोपहर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। उन्होंने प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान किया। श्री मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से भी मुलाकात की। दोनों देशों ने रक्षा के क्षेत्र में संबधों को और मजबूत करने पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलादिमिर जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय संबधों और यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा की।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि सीमा सुरक्षा बल हर पल अपने ध्येय, **जीवन पर्यन्त कर्तव्य** को चरितार्थ करता है। श्री धनखड़ आज जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल की 154वीं बटालियन के प्रहरी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वे बीएसएफ के जवानों के बीच आकर नई ऊर्जा का अहसास कर रहे हैं। श्री धनखड़ ने कहा कि बीएसएफ के जवान चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी पूरी तरह मुस्तैद रहते हैं, जो बेमिसाल है। इस अवसर पर उन्होंने जवानों से संवाद किया और उनके साथ पौधरोपण किया।

000

देश में आगामी एक जुलाई से तीन नये आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। उनमें समय की मांग के अनुसार नये प्रावधान शामिल किये गए हैं। इसी के बारे में जागरूकता के लिये आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिन में श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको नये कानूनों में ग्रामीण इलाकों से संबंधित धाराओं की जानकारी दे रहे हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 146 गैर कानूनी अनिवार्य श्रम से संबद्ध है।

धारा 291 पशुओं के संबंध में उपेक्षापूर्ण आचरण के लिए है। चोरी के लिये धारा 303, झपटमारी के लिए धारा 304, पशु को मार कर या अपंग करके क्षति पहुंचाने के लिए धारा 325 में प्रावधान है। इसी तरह धारा 326 में चोट, बाढ, आग या विस्फोटक पदार्थ द्वारा शरारत करना, जिसमें कृषि उद्देश्यों के लिए पानी की आपूर्ति या मनुष्यों के लिए भोजन या पेय के लिए या जानवरों के लिए पानी की आपूर्ति को कम करने जैसे कृत्यों से संबद्ध है। इसके अलावा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 34 में कहा गया है कि किसी गांव के मामलों के संबंध में नियुक्त अधिकारी अपने निकटतम मजिस्ट्रेट या पास के पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी को गांव की जानकारी देने के लिए बाध्य है। धारा 164, 165, और 166 – भूमि या पानी जैसी अचल सम्पत्ति से संबंधित विवादों के मामलों में अपनाई जाने वाली प्रकिया के बारे में बताती है।

000

पांच दिवसीय हज यात्रा आज से शुरू हो गई है। इसमें दुनिया भर से लगभग 20 लाख तीर्थयात्री सऊदी अरब के मीना में एकत्रित हो रहे हैं। इस बार हज यात्रा में भारत से एक लाख 75 हजार से अधिक तीर्थयात्री शामिल हो रहे हैं। इनमें से एक लाख 40 हजार यात्री हज कमेटी ऑफ इंडिया के जरिए वहां पहुंच चुके हैं। इस साल सबसे ज्यादा पांच हजार भारतीय महिला तीर्थयात्री मेहरम या बिना किसी पुरुष अभिभावक के हज कर रही हैं।

तीर्थयात्रियों ने मीना में इकट्ठा होने के लिए पवित्र शहर मक्का से अपनी यात्रा शुरू की। कल ये तीर्थयात्री अराफात के मैदानों में मुख्य नमाज अदा करेंगे।

000

मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन इस महीने की 15 से 21 तारीख तक चेन्नई में होगा। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य सिनेमा प्रेमियों तक अच्छे सिनेमा को पहुंचाना है। आकाशवाणी से बातचीत में राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम की क्षेत्रीय प्रमुख रोहिणी गोवथामन ने कहा कि पहली बार यह कार्यक्रम चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली और पुणे शहरों में होगा। समारोह के पहले दिन चार्ली हेमिल्टन जेम्स की बिली एंड मोली– एन ऑटर लव स्टोरी दिखाई जाएगी। इसके साथ ही 18 जून को रेड कार्पेट कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है जहां थिएटर के प्रसिद्ध कलाकार पहुंचेंगे।

000

देवनारायण बोर्ड के नव नियुक्त अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाणा ने आज जयपुर में सचिवालय स्थित बोर्ड के कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री भडाणा ने कहा कि वे इस दायित्व के माध्यम से सरकार की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगें। उन्होंने कहा कि देवनारायण बोर्ड के माध्यम से सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचाने का प्रयास रहेगा। बोर्ड द्वारा संचालित आवासीय छात्रावासों और विद्यालयों में छात्र हित के मद्देनजर बेहतर व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर देवनारायण बोर्ड के अधिकारी और कार्मिक भी मौजूद थे।

000

आज अन्तर्राष्ट्रीय रक्तदाता दिवस है। इस अवसर पर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यकम आयोजित किये जा रहे हैं। बूंदी विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा और पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने रक्तदान शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने रक्तदान करने वालो लोगों को प्रशस्ति पत्र दिये। झालावाड जिले में रक्तदान शिविर और संगोष्ठी के जरिये लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया। जिले के झालरापाटन में माहेश्वरी समाज द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें 150 से ज्यादा यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। बांसवाड़ा में संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन के निर्देश पर आज जिला मुख्यालय पर सभी सरकारी कर्मचारियों ने रक्तदान किया। कोटा में रेलवे अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें 33 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। सांसद ओम बिरला ने विश्व रक्तदाता दिवस पर कोटा में रक्तदान रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए सभी से रक्तदान करने की अपील की। श्रीगंगानगर में आयोजित रक्तदान शिविर में 50 यूनिट अधिक रक्त इकट्ठा किया गया। साथ ही रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। बाडमेर में जालीपा सैनिक छावनी में लगे रक्तदान शिविर में सेना के अधिकारियों और जवानों ने रक्तदान किया। पाली में रक्तदान करने वालों का सम्मान किया गया।

000

प्रदेश में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और 10वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। जयपुर ग्रेटर नगर निगम महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर की पहल पर जयपुर योग महोत्सव 2024 के तहत आज चित्रकूट स्टेडियम में योग शिविर आयोजित किया गया। कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह राठौड़ ने भी उसमें शिरकत की और योगाभ्यास किया। महोत्सव के तहत आगामी 16 और 17 जून को लगातार 24 घंटे सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन किया जायेगा। केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से जयपुर में जल महल की पाल पर भारतीय वायु सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल तथा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारियों और जवानों के लिये विशेष जागरुकता और योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में इन बलों के 180 अधिकारियों और जवानों ने सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। इस मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के विभागीय कलाकारों ने योग पर एक गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के सहायक आचार्य डॉ. पुनीत चतुर्वेदी के नेतृत्व में संस्थान की टीम द्वारा योग आसनों और क्रियाओं का प्रदर्शन किया गया। सवाईमाधोपुर में

केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से आज खाट खुर्द के सरकारी स्कूल में योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ब्यूरो द्वारा योग पर मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। सही जवाब देने वाले विजेता प्रतिभागियों को ब्यूरो की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जन समूह के रोजाना योग करने का संकल्प भी दिलवाया गया। पाली में योग दिवस की तैयारियों के लिये अतिरिक्त जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक हुई। बूंदी में पर्यटन स्थलों पर योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के सिलसिले में सीमा सुरक्षा बल की 13वीं वाहिनी की ओर से आज बाडमेर में आमजन को योग के प्रति जागरू करने के लिए साईकिल रैली निकाली गई।

000

प्रदेश में आज भी कुछ स्थानों पर आंधी–बारिश के समाचार हैं। जयपुर में सुबह आसमान में धूल छायी रही, लेकिन इसके बाद दिनभर तेज धूप और गर्मी रही। भरतपुर में आज दोपहर में बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली।

.....................

कोटपूतली और विराट नगर तथा आसपास के इलाकों में भी दोपहर में आंधी आई। इसके बाद बूंदा–बांदी होने से तापमान में कमी आई। **उधर** बूंदी में दिनभर गर्म हवा के थपेडों ने लोगों को परेशन किया। शाम को बादल छाने से गर्मी कुछ कम हुई। नीमका थाना में शाम 5 बजे से बारिश हुई। जिले के श्रीमाधोपुर, पाटन और उदयपुरवाटी में भी पानी बरसा। उधर उत्तरी जिलों में लू का असर रहा। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में कोटा, उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभागों में कहीं–कहीं हल्की बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। वहीं उत्तरी हिस्सों में कहीं–कहीं तेज लू चलने के आसार हैं।

000

सिरोही जिले के माउंट आबू में आज से ग्रीष्म महोत्सव शुरू हुआ। महोत्सव का शुभारंभ शोभा यात्रा के साथ हुआ। यह शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होकर निकाली गई । इस शोभायात्रा में देशभर से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति की। महोत्सव के तहत विभिन्न प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

000